STD 10

EPISODE :11 DATE : 31-8-2021

पाठ का नाम : आई एम कलाम के बहाने

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें |

1) हमारा सौदा था खेल घंटी में खाने की अदला- बदली का । खेल घंटी के समय मिहिर और मोरपाल के बीच का संभावित वार्तालाप लिखें।

मिहिर : घंटी बज गयी, क्या हम खाना खाएँ ?

मोरपाल : हाँ दोस्त, मुझे भी भूख लगती है।

मिहिर: पुस्तक बैग में रखकर मैं अभी आऊँगा ।

मोरपाल : वाह ! तुम्हारे टिफिन बॉक्स में यह क्या है?

मिहिर : यह तो राजमा है। क्या तुमने इसे अभी तक खाया नहीं ?

मोरपाल : नहीं यार | मैं इसे पहली बार देख रहा हूँ।

मिहिर : यह तो मेरे लिए एक सामान्य सी चीज़ है। तुमने आज क्या लाया? हाय ! छाछ ! इसे खाए कितने दिन हुए ?

मोरपाल : सच ।क्या हम खाने की अदला- बदली करें?

मिहिर : ज़रूर |आज से मेरे घर से लाते खाना तुम खाओगे और तुम्हारे घर से लाते खाना मैं |

मोरपाल : सचमुच यह तो बहुत खुशी की बात है। खेलने जाना है न? जल्दी जाएँ ?

मिहिर : ठीक है।

2) मोरपाल और उसके जैसे और बच्चे रविवार को भी स्कूल जाना चाहते थे। क्यों?

उत्तर : स्कूल का उनका प्यार उतना गहरा था |वे स्कूल से बहुत प्यार करते थे । मोरपाल और उनके सहपाठियों के लिए रविवार सबसे बुरा दिन लगता था।

3) स्कूल जाने में कौन रोया करता था ?

उत्तर : मिहिर |

4) मेरे लिए स्कूल यूनीफॉर्म बोझ थी। किसके लिए ?

उत्तर : मिहिर के लिए।

5) मोरपाल शादी में भी स्कूल यूनीफॉर्म पहनकर क्यों जाता था?

उत्तर : मोरपाल का एकमात्र नया और अच्छा कपड़ा वहीं स्कूल यूनीफॉर्म ही था। इसलिए शादी में भी वह स्कूल यूनीफॉर्म पहनकर जाता था।

6) मिहिर के लिए स्कूल यूनिफॉर्म बोझ थी। क्यों?

उत्तर : मिहिर के पास बेहतर कपड़े थे। इसलिए यूनीफॉर्म पहनना उसे अच्छा नहीं लगता था |

7) वाक्य पिरमिड की पूर्ति करें ।

(स्कूली, शादी में)

मोरपाल आया था।

मोरपाल यूनीफार्म पहनकर आया था।

. . . .

. . . .

उत्तर

मोरपाल आया था ।

मोरपाल यूनीफॉर्म पहनकर आया था।

मोरपाल स्कूली यूनीफॉर्म पहनकर आया था।

मोरपाल शादी में स्कूली यूनीफॉर्म पहनकर आया था।

8) पाठभाग के आधार पर मोरपाल और मिहिर के जीवन अनुभवों पर टिप्पणी लिखें |

उत्तर : मिहिर और मोरपाल बचपन के मित्र थे ।मिहिर संपन्न परिवार का था। उसको रोज़ स्कूल जाना पसंद नहीं था। उसके पास बड़े शहरों के बड़े बाजारों से खरीदे बेहतर कपड़े होने के कारण स्कूल यूनीफॉर्म एक बोझ थी। स्कूल में बिताए समय को वह बचपन का खराब समय समझा करता था। लेकिन मोरपाल दरिद्र परिवार का था। वह रोज़ पंद्रह किलोमीटर साईकिल चलाकर स्कूल आता था। घर की बड़ी मेहनत और खेत मजूरी के बाद स्कूल का एकमात्र समय वह बच्चा बन रह सकता था। उसके पास एकमात्र कमीज़ पेंट का नया जोड़ा उसकी स्कूल यूनीफॉर्म ही थी। स्कूल में बिताए समय उसके लिए बचपन का सबसे अच्छा समय था। रविवार की छुट्टी उनके लिए हफ्ते का सबसे बुरा दिन था।

नवीन शब्दार्थ

बिना नागा- without absence.

नागा - absence .

चिढा करना – വെറുക്കുക

टालना – ഒഴിവാക്കുക

हैरान हो जाना- അതിശയിക്കുക

बहाना बनाना - നടിക്കുക

बहाना - अभिनय, acting, നടിക്കല്

तेज़ बारिश – ശക്തമായ മഴ

गहरा - ആഴമേറിയ

रविवार -ഞായറാഴ്ച

हफ्ता - ആഴ്ച

नीली खाकी - നീലയും കാക്കിയും നിറമുള്ള

पहनना - ധരിക്കുക

मोहल्ला - इलाका , പ്രദേശം

शादी- विवाह , Marriage.

खराब - മോശമായ, bad.

खेत मजूरी- കൃഷിയും കൂലിപ്പണിയും

इतर - भिन्न , വ്യത്യസ്തമായ

एकमात्र - ഒരേയൊരു

बोझ - ഭാരം

बेहतर - മെച്ചപ്പെട്ട

कमीज़ - shirt.

पैंट - पतलून , Pants.

जोड़ा - ജോഡി, Pair.

स्वाभाविक –Natural, സ്വാഭാവികമായ

****